सं.: 1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 09.08.2021

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी.जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु अंतरिम लाभांश, यदि कोई हो, की घोषणा के विचार के लिए बोर्ड बैठक की सूचना।

महोदया/महोदय,

यह हमारे दिनांक 03.08.2021 के पत्र के अनुक्रम में है, जिसमें सूचित किया गया है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2021 को आयोजित होने वाली अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित) पर विचार किया जाएगा, अतः सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में, निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अंतरिम लाभांश, यदि कोई है, की घोषणा से संबंधित प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा।

इस संबंध में, जैसा कि पहले ही सूचित किया गया है कि पीएफसी की इनसाइडर द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन एवं रिपोर्टिंग हेतु और निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु आचार संहिता, 2015 (संहिता) के अनुसार, कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो जुलाई 1, 2021 को बंद थी तथा जून 30, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात अड़तालीस (48) घंटों तक बंद रहेगी।

'संहिता' में यथा परिभाषित अनुसार सभी निर्दिष्ट कार्मिकों (पीएफसी की सहायक कंपनियों के कार्मिकों सहित) एवं अन्य संबद्ध व्यक्तियों को सलाह दी गई कि उपर्युक्त अवधि के दौरान इक्विटी शेयरों और सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों सहित कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार न करें।

आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com